तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **घनश्याम् बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कल्क्टर शहर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 18/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15-02-2022	अपीलार्थी घनश्याम, पता प्लॉट नं. 5, ईस्ट आरती नगर, पाल गांव जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 27.11.2021 में उसके द्वारा (1) अभिलेख शाखा कार्यालय में उपलब्ध रेकर्ड अनुसार खसरा नम्बर 1460 व 917 ग्राम झंवर तहसील लूणी जिला जोधपुर की सर्वप्रथम से लेकर सम्वत् 2030 तक की खसरा गिरदावरी की प्रमाणित प्रति व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 146 दिनांक 07.02.2022 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया गया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी, सहायता अनुभाग, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी घनश्चाम को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1604 दिनांक 10.12.21 द्वारा कुल 01 पृष्ठ की बिन्दुवार सूचना निशुल्क प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी को रजिस्टर्ड पत्र के जरिये लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.10 17:14:16 IST
Reason: SelfAttested